पं. विद्यानिवास मिश्र की तीन पुस्तकों का लोकार्पण

14 जनवरी को पं. विद्यानिवास मिश्र की अंग्रेजी में प्रकाशित तीन पुस्तकों, क्रमशः 'Foundation of Indian Aesthics', 'From the Ganges to the Mediterranean', 'The Hindu way : A Search for the eternal' का लोकार्पण भी किया गया।

संस्कृत कवि-गोष्ठी

पं. विद्यानिवास मिश्र की पुण्यतिथि पर परिस्पन्द स्थित उनके आवास पर 14 फरवरी, 2009 को संस्कृत कविगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता **आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी** ने की। समारोह के मुख्य अतिथि **प्रो. वी. कुटुम्बशास्त्री** व विशिष्ट अतिथि शिवजी उपाध्याय और कमलेशदत्त त्रिपाठी थे। गोष्ठी में सं.सं.वि.वि. के युवा कवि केशव पोखरैला, डॉ. हरिप्रसाद अधिकारी, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय, डॉ. कमलाकान्त त्रिपाठी, डॉ. मनुदेव भट्टाचार्य (से.नि.), काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर प्रभुनाथ द्विवेदी तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डॉ. सदाशिव कुमार द्विवेदी, प्रो. उपेन्द्र पाण्डेय, प्रो. कौशलेन्द्र पाण्डेय एवं डॉ. शिवराम शर्मा, केन्द्रीय तिब्बती विश्वविद्यालय के धर्मदत्त चतुर्वेदी, स्थानीय कवि पवनकुमार शास्त्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय तथा सं.सं.वि.वि. के भूतपूर्व छात्र एवं प्रशासनिक अधिकारी गायत्री प्रसाद पाण्डेय ने काव्य-पाठ किया।

चतुर्थ विद्यानिवास मिश्र स्मृति व्याख्यान

29-30 दिसम्बर, 2009 को **प्रो. वी. कुटुम्ब शास्त्री** के तीन व्याख्यान क्रमशः **'संस्कृत भाषा का वैशिष्ट्य'**, **'संस्कृत शिक्षण का विकास'** तथा **'संस्कृत भाषा और आज'** विषय पर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के योग साधना केन्द्र में आयोजित किए गए। इन व्याख्यानों की अध्यक्षता क्रमशः **श्री कमलेश दत्त त्रिपाठी, आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी** तथा **प्रो. शिवजी उपाध्याय** ने की।